जागरण

शांतिकुंज पहुंची स्वस्थ भारत यात्रा टीम, हुआ भव्य स्वागत

Tue, 15 Jan 2019

संवाद सहयोगी, हरिद्वार : भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वस्थ भारत यात्रा मंगलवार को गायत्री तीर्थ

संवाद सहयोगी, हरिद्वार : भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वस्थ भारत यात्रा मंगलवार को गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंची। शांतिकुंज व्यवस्थापक शिवप्रसाद मिश्र की अगुआई में टीम का भव्य स्वागत किया गया। अभिषेक के नेतृत्व में चल रही इस टीम में 25 सदस्य हैं। इससे आगे की यात्रा के लिए बेटल एक्सचेंज समारोह शांतिकुंज में आयोजित हुआ।

समारोह का शुभारंभ शांतिकुंज व्यवस्थापक शिवप्रसाद मिश्र, डॉ. ओपी शर्मा व अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। अपने संदेश में गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पंड्या ने कहा कि इस देश के स्वस्थ नागरिक ही एक सशक्त भारत की नींव रखेंगे। सबसे बड़ी प्राथमिकता है कि हर नागरिक स्वस्थ हो, निरोग हो एवं जीवन के हर क्षेत्र में उसकी राष्ट्र के निमित्त भागीदारी हो। इस उद्देश्य से हो रही स्वस्थ भारत यात्रा विधिवत ही इस लक्ष्य को पूरा करेगी।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए शांतिकुंज व्यवस्थापक शिवप्रसाद मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता का दर्जा प्राप्त है और यही कारण है कि भोजन झूठा छोड़ना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है। शांतिकुंज के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. ओपी शर्मा ने कहा कि एक ओर अन्न की बर्बादी

दूसरी ओर औषधियों की मांग और आर्थिक असंतुलन सभी मिलकर सामाजिक विकास के मार्ग में आड़े आते हैं।

इस अवसर पर स्वस्थ भारत यात्रा के प्रतिभागियों ने अपनी यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए इसे अविस्मरणीय बताया। खाद्य विभाग के अधिकारी आशीष भार्गव ने बताया कि स्वस्थ भारत यात्रा 16 अक्टूबर को लेह से प्रारंभ हुई थी, जो अब तक 16 हजार से अधिक किलोमीटर की यात्रा संपन्न कर मंगलवार को शांतिकुंज पहुंची। यहां से आगे की यात्रा के लिए खाद्य विभाग हरिद्वार के अधिकारी आरएस रावत के नेतृत्व में प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर हरिमोहन गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।